सार-समाचार

शोभायात्रा को प्लास्टिक मुक्त रखने का संकल्प लिया

भरतपुर, (निसं)। श्री राम शोभा यात्रा समिति द्वारा 6 अप्रैल रामनवमी को निकाली जाने वाली श्री राम शोभा यात्रा में किए गए नवीन प्रयोग इस वर्ष की यात्रा के मुख्य आकर्षण रहेंगे शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने बताया शोभा यात्रा कुम्हेर गेट बाहर स्थित अनाज मंडी यार्ड से दोपहर 3:00 बजे रवाना होगी, राम शोभा यात्रा के मार्ग को रामभक्तो ने भगवा झंडों और भगवान द्वारो से सजा दिया है शोभा यात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत किया जाएगा, शोभायात्रा को प्लास्टिक मुक्त रखने का संकल्प लिया गया है साथ ही शोभा यात्रा की प्रत्येक झांकियां संदेशमूलक हो इसके प्रयास किए गए हैं श्री राम शोभा यात्रा समिति के महामंत्री प्रेमसिंह कुंतल ने बताया कि शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण सर्व समाज के द्वारा संगठित होकर स्वप्रेरणा से शोभायात्रा में निकाली जाने वाली झांकियां रहेंगी, जिसमें शोभा यात्रा समिति के द्वारा निकाली जाने वाली रामलला की सजीव झांकी के दर्शन करके ऐसा लगेगा मानो भरतपुर अवधपुरी बन गया हो, झांकी समिति के संयोजक रविंद्र मोहन शर्मा ने बताया की रामचरितमानस के अहिल्या प्रसंग, शबरी प्रसंग धनुष यज्ञ, रावण मंदोदरी संवाद, राम बनवास, भरत मिलाप, रामदर बार ,रामायण लेखन, केवट प्रसंग, लक्ष्मण शक्ति प्रसंगों का विभिन्न विद्यालयों के द्वारा सजीव मंचन किया जाएगा और मुख्य विशेषता यह रहेगी की मन को अशांत करने वाले डीजे के कानफोडू संगीत के स्थान पर रामचरितमानस की चौपाइयों का विभिन्न शास्त्रीय रागों जैसे राग यमन, राग भैरवी ,राग दमयंती , राग मालकोश आदी रागों पर आधारित चौपाइयां पूरे वातावरण को श्रद्धा एवं भाव से भर देंगी, इंजीनियर प्रवीण, डॉ आलोक शर्मा, गिरीश सिंगल, सीए अतुल मित्तल ने बताया कि दुर्गा मांके नौ रूप, भगवान परशुराम भगवान,भगवान विष्णु की झांकियां सभी का मन मोह लेंगी, जाट समाज,सपेरा समाज ,सिंधी समाज वाल्मीकि समाज, राजपूत समाज ब्राह्मण समाज, अठावाल समाज, चतुर्वेदी समाज विभिन्न कीर्तन मंडलीय तथा विभिन्न मोहल्ला और कॉलोनी की झांकियां भी शोभायात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करेंगी।

थमाया नोटिस

करौली, (निसं)। करौली जिला अस्पताल में सेवारत चिकित्सक ने अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीना से उनके पीएमओ कार्यालय में अभद्रता कि जिसको लेकर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने जिला कलेक्टर के यहां पत्र पेश कर गुहार लगाई और चिकित्सक को नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिकित्सालय के एक सेवारत चिकित्सक कि रोगियों और उनके परिजनों से अच्छा व्यवहार नहीं करने कि शिकायत को लेकर चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा ने सेवारत चिकित्सक डॉ. मनोज मीना से रोगी और रोगियों के परिजनो से अच्छा व्यवहार करने और रोगियों को उचित उपचार देने कि समझाईस करने पर सेवारत चिकित्सक अपना आपा खो बैठा और पीएमओ कार्यालय में बैठे प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामके'ा के साथ गाली गलोच व अभद्रता कि इस मौके पर चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक भी उपस्थित थे जिन्होने समझाईस कि सेवारत चिकित्सक ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को देख लेने कि धमकी दी जिसको लेकर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.रामकेश मीणा ने चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर को लिखित में पत्र पेश कर सुरक्षा कि गुहार लगाई है ज्ञात रहे कि इसी सेवारत चिकित्सक का पूर्व में भी एक महिला चिकित्सक से भी विवाद हुआ था लेकिन अंत में महिला चिकित्सक से समझौता कर लिया गया इसके अलावा भी रोगी और रोगी के परिजनों से भी पूर्व में एक दो बार कहा सुनी होना बताया जा रहा है।

चैती मेले का आयोजन

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। कस्बा भुसावर में रमेश स्वामी पार्क पर पुरानी परम्पराओं को निभाते हुए पिछले कई बर्षो से चली आ रही परम्परा के अनुसार एक दिवसीय चैती मेले का आयोजन किया गया। जहां मेला देखने पहुँचे बच्चे एवं महिलाएं काफी उत्साहित नजर आये। मेले में लगे झूलों एवं चाट की दुकानों सहित मिट्टी से बने बर्तनों की दुकानों पर भीड अत्यधिक देखने को मिली। वहीं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबन्द रही। वहीं दुर्गाष्टमी पर घर-घर में कन्या पूजन कर भोजन करवाया गया। कस्बा भुसावर में भक्तों द्वारा मॉ दुर्गा की शोभायात्रा निकालते हुए नगर भ्रमण करवाया गया। जिसका जगह जगह भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर आरती उतारते हुए स्वागत किया गया। वहीं माता के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। भक्तों ने माता के दर्शन कर आरती उतारते हुए हाजरी लगायी और परिवार में सुख समृद्धि को लेकर कामना की। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर मुख्य बाजार, पुरानी अनाज मण्डी, चौर का मन्दिर से खेल मैदान पहुँची। शोभायात्रा का समापन प्रसादी वितरण के साथ किया गया।

पहलवानों ने दांव पेच आजमाये

भुसावर/भरतपुर, उपखण्ड भुसावर के गॉव बल्लभगढ में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जहां स्थानीय सहित दूर दराज के क्षेत्रों से आये पहलवानों ने दांव पेच आजमाये और प्रतिद्वन्द्वी पहलवानों को पटकनी देकर जीत हासिल की। मिली जानकारी के अनुसार गॉव बल्लभगढ में आयोजित कुश्ती दंगल में विधायक बहादुर सिंह कोली ने भाग लिया और पहलवानों को शुभकामनाएं दीं। ठामीणों द्वारा विधायक सहित अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। विराट कुश्ती दंगल के दौरान स्थानीय एव देश के अनेक राज्यों से आए पहलवानों ने कुश्तियों के दावपेच दिखा कर ठामीणों की वाही वाही हासिल की। साथ ही मेलार्थियों ने मेले का आनन्द ले कर देवी माता की पूजा अर्चना की। विराट कुश्ती दंगल में 101 रूपये से लेकर हजारों रूपये तक की कुश्तियां करवायी गई।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

करौली, (निसं)। करौली में पुलिस ने आज रविवार को रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा व आगामी त्योहारों को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला। कोतवाली से शुरू हुए इस मार्च में हथियारबंद पुलिस जवान पैदल,घुडसवार और मोटरसाईकिल पर नजर आये। फ्लैग मार्च में डीएसपी अनुज शुभम,कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम और सदर थाना अधिकारी रामनाथ शामिल रहे। फ्लैग मार्च हिंडौन दरवाजा, फूटाकोट, हटवाड़ा बाजार,भूड़ारा बाजार,सब्जी मंडी, वजीरपुर दरवाजा और अनाज मंडी से होकर वापस कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने शहरवासियों को शांति बनाए रखने का संदेश दिया। डीएसपी अनुज शुभम ने बताया कि पुलिस अप्रिय घटनाओं से निपटने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

शोभायात्रा में शामिल होने के लिए बांटे पीले चावल

- शोभायात्रा में घोड़े पर सवार भूतपूर्व सैनिक एक निश्चित गणवेश में आकर्षण का केंद्र रहेंगे

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर आज रविवार को सर्व हिंदु समाज कि ओर से रामनवमी के अवसर पर वि'ाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी जिसमे लोगो को आमंत्रित करने के लिए बाजार बाजार घर घर जाकर पीले चावल बाटे जा रहे है।

शोभायात्रा आयोजन समिति के संयोजक चैरजी सिंह के नेतृत्व मे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल,एडवोकेट जयेन्द्र सिंह सहित कई लोगो ने बाजारो मे लोगो को एवं कोतवाली थाने मे चल रही सीएलजी बैठक के दौरान पुलिस व प्र'ासन के अधिकारियो सहित हिंदु मुस्लिम समाज के लोगो को पीले चावल बाटे वही भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने आज रविवार को रामनवमी के उपलक्ष में होने वाली शोभा यात्रा को लेकर शहर में पीले चावल बांटकर शहर वासियों को शोभायात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला, अशोक वर्मा,आशीष जैन, तेजेन्द्र सिंह जादौन, नितेश महावर, विक्की गुरु, पंकज अग्रवाल,धन सिंह चैहान, मुकेश कुशवाहा, जीतू शुक्ला, अमर सिंह, विद्या वैष्णव, अमिता चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद का एक दल कार्यक्रम संयोजक चैरजी सिंह के नेतृत्व में जयेंद्र सिंह एडवोकेट,नरेंद्र सिंह जादौन,प्रदीप सिंह कोटा छावर आदि ने बिरवास,बड़ा पांचना, माची, दीपुपूरा, सोनपुरा, पंडितपुरा, बिनेगा, मचानी, कोटा छावर, खेड़ा, मढ़िली, महुआ खेड़ा एवं रामेंद्र सिंह बिनेगा के नेतृत्व में गुबरेड़ा, कसारा,भावली के साथ मासलपुर तहसील के अन्य गांबो में शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए पीले चावलों का वितरण किया जयेंद्र सिंह एडवोकेट एवं नरेंद्र सिंह जादौन ने ग्रामीणों को बताया कि शोभायात्रा के दौरान भगवान श्री रामचंद्र जी साथ के साथ ऐतिहासिक महापुरुशो एवं वीरांगनाओं की सजीव झांकियो का चित्रण किया जाएगा घोड़े पर सवार होकर भूतपूर्व सैनिक एक निश्चित गणवेश में आकर्षण का केंद्र रहेंगे ध्रुवघटा के संत महाराज हरेंद्रानंदजी का संपूर्ण शोभायात्रा में सानिध्य प्राप्त रहेगा।

बैठक सम्पन्न

करौली, (निसं)। डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें 14 अप्रैल को डॉ भीम राव अंबेडकर जी की 134वी जयंती समारोह धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया।जाटव बैरवा समाज के उदय सिंह जाटव ने बताया कि 14 अप्रेल को प्रात 8:30 पर बाबा शाहब कि मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा, विचार गोष्ठी एवं वृद्ध जनों का सम्मान,वर्ष 2023-24 के 10वी और 12वी कक्षा के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा उन्होने बताया कि रजिस्ट्रेशन नंबर पर 9783144022 10 अप्रैल तक मान्य है और उसके उपरांत गायक कलाकारों के द्वारा बाबा शाहब कि जीवनी पर प्रस्तुति दी जाएगी। प्रात:11:00 बजे बाबा साहब कि स्वाभिमान रैली शांति और सदभावना पूर्वक बाजार से होते हुए निकाली जाएगी जिसमें बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों की झाकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

संभाग स्तरीय गुर्जर समाज सुधार महापंचायत आज

हिण्डौन सिटी, (निसं)। समीपवर्ती जगदीश धाम कैमरी में आज 6 अप्रैल रविवार को संभाग स्तरीय गुर्जर समाज सुधार महापंचायत का आयोजन होगा। जगदीश मंदिर कमेटी अध्यक्ष थानेदार घनश्याम खटाना खेड़ला ने बताया कि गुर्जर समाज मे व्याप्त कुरूतियों को लेकर महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भरतपुर संभाग के करौली, सवाई माधोपुर, भरतपुर, धौलपुर जिलों सहित दौसा, जयपुर जिलों के गणमान्य नागरिक और हज़ारों पंच पटेल भाग लेंगे।

जगदीश मंदिर ट्रस्ट व पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना ने बताया कि जगदीश मंदिर प्रांगण में दोपहर 12 बजे आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय महापंचायत में सैकड़ों बुद्धिजीवी लोगों सहित समाज के शिक्षाविद भाग लेंगे जो समाज में व्याप्त कुरूतियों को रोककर समाज के विकास और उत्थान सहित शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने की पहल करेंगे। पूर्व सरपंच सुग्रीवसिंह खटाना अधैत ने बताया कि कर्नल बैंसला के दिये संदेश अच्छी शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य, पढ़ी लिखी माँ और कर्जमुक्त समाज के नारे को सफल बनाने के लिए हमें प्रयास कर लोगों को जागरूक करना होगा जिससे गुर्जर समाज का विकास हो सके और नशे जैसी कुरूतियों से युवाओं को दूर कर शिक्षा और समाज के उत्थान में प्रयास किये जा सके । मंदिर कमेटी अध्यक्ष घनश्याम खटाना सहित पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, सचिव रामविलास खटाना, कोषाध्यक्ष कैप्टेन शीशराम खटाना, पूर्व सरपंच हंसराज खटाना, मुरारीलाल खटाना, दयाराम ठेकेदार, कैप्टेन शीशराम खटाना सेना मैडल, कैप्टेन रतनसिंह, कैप्टेन नरपतसिंह, हरी भटोला, पूर्व सरपंच सुठ्ठीवसिंह खटाना, संतराम खटाना, सरपंच प्रतिनिधि कप्तान एडवोकेट, पृथ्वीराज खटाना,अध्यापक रामप्रताप, भूपेन्द्र खटाना अधैत, ज्ञानसिंह गुर्जर सहित कैमरी के 12 गांव के पंच पटेलों ने गुर्जर समाज के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में जगदीश धाम कैमरी पहुँचकर महापंचायत को सफल बनाने की अपील की।

गत्ता फैक्ट्री की मशीन में फंसी महिला मौके पर मौत

हिण्डौन सिटी, (निसं)। खरेटा रोड स्थित एक गत्ता फैक्ट्री में शनिवार सुबह 11 बजे एक महिला कर्मचारी की मौत हो गई। मशीन पर काम करते समय श्रमिक रेनू जाटव (38) मशीन की चपेट में आ गईं। सिर में गंभीर चोट आने से दम तोड़ दिया।

हादसे की सूचना के बाद परिजन तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उपचार के दौरान रेनू को मृत घोषित कर दिया। मृतका जाटव बस्ती की रहने वाली थी। वह पिछले कई वर्षों से इस फैक्ट्री में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही थी।सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी महावीर प्रसाद पुलिस जाब्ते के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। फिलहाल महिला का शव मॉर्च्यूरी में रखा गया।

छप्पन भोग आज

करौली, (निसं)। माली समाज द्वारा रविवार को सीताराम मंदिर में श्री राम जन्म उत्सव के उपलक्ष में छप्पन भोग,फूल बंगला झांकी का आयोजन किया जाएगा। माली महासभा अध्यक्ष अमरसिंह चैहान ने बताया कि माली समाज की ओर से मंदिर में रामनवमी की उपलक्ष में छप्पन भोग, फूल बंगला झांकी का आयोजन किया जाएगा भक्तों के लिए दोपहर 1 बजे बाद रात्रि 9 बजे तक छप्पन भोग के दर्शन उपलब्ध रहेंगे।

मण्डी में दो दुकानों से 11 लाख की चोरी

- घटना को लेकर मण्डी के व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन समय के लिए मंडी बंद रखने का निर्णय लिया
- अज्ञात चोरों ने 5 दुकानों को निशाना बनाकर दो दुकानों से करीब 11 लाख रुपये की नकदी चुराई

हलैना/भरतपुर, (निसं)। जयपुर आगरा नेशनल हाईवे स्थित अनाज मंडी के अंदर अज्ञात चोरों ने 5 दुकानों को अपना निशाना बनाकर मण्डी में दो दुकानों से करीब 11 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। वहीं 3 दुकानों के चोरों ने सिर्फ ताले तोड़े। घटना के समय मंडी में तैनात दोनों गार्ड सो गए थे। ये घटना सुबह 5 बजे जब गार्डों ने दुकानों के ताले टूटे देखे तो होश उड़ गए और घटना की सूचना व्यापारियों को दी। घटना को लेकर मण्डी के व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन समय के लिए मंडी बंद रखने का निर्णय लिया है।अनाज मंडी के अध्यक्ष योगेश जिंदल ने बताया कि हलैना स्थित अनाज मंडी के अंदर देर रात चोरों ने मंडी के 5 दुकानों के ताले तोड़े। चोर बनवारी लाल की दुकान से 8 लाख 63 हजार रुपये कैश और भदौरिया इंटरप्राइजेज की दुकान से 1 लाख 81 हजार 2 सौ रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। रात को मंडी में दो गार्ड सुरक्षा के लिए लगाए हुए हैं। वह रात को सो गए थे। चोरी करीब रात 3 से 4 बजे के बीच में हुई। इसके अलावा चोरों ने सियाराम भूप सिंह, सैनी इंटरप्राइजेज, शांति ट्रेडिंग कंपनी की दुकानों के भी ताले तोड़े हैं।

सुबह करीब 5 बजे जब गार्डों ने दुकानों के ताले टूटे हुए देखे तो, उन्होंने व्यापारियों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद व्यक्ति मौके पर पहुंचे और पुलिस को मौके पर बुलाया गया। चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों में काफी रोष है। व्यापारियों ने यह निर्णय लिया है कि जब तक पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर देती तब अनिश्चितकालीन समय के लिए मंडी को बंद रखा जाएगा। वहीं हलैना थाना अधिकारी जगदीश चंद्रा का कहना है कि चोरी की घटना के बाद पुलिस से पुलिस चोरों को ढूंढने की कोशिश कर रही है।

पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी छोड़ा

हिण्डौन सिटी, (निसं) । जिला प्रशासन ने श्रीमहावीरजी के वार्षिक मेले की तैयारियों के तहत एक कदम उठाया है। शुक्रवार शाम को पांचना बांध से गंभीर नदी में पानी छोड़ा गया। यह पानी शनिवार को कटकड़ पहुंच गया है। प्राचीन परंपरा के अनुसार, भगवान महावीर की पूजा और जलाभिषेक गंभीर नदी के जल से ही किया जाता है।

इसी परंपरा को निभाने के लिए जल संसाधन विभाग ने बांध के दो गेट खोले। मानसून के बाद से सूखी पड़ी नदी में पानी का बहाव देखने के लिए स्थानीय ग्रामीण पुलिया के पास एकत्र हुए। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने आसपास के ठामीणों को नदी से दूर रहने के निर्देश दिए हैं। नायब तहसीलदार और सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने कटकड़ में स्थिति का जायजा लिया। अनुमान है कि रविवार शाम तक यह पानी श्रीमहावीरजी स्थित गंभीर नदी तक पहुंच जाएगा।

जनसमस्याओं को लेकर मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। करौली विकास मंच के अध्यक्ष बबलू शुक्ला ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार सुधांशु पंत को ज्ञापन देकर करौली जिला मुख्यालय की प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर उनका ध्यान आकृष्ट किया और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आग्रह किया।

प्रमुख समाज सेवी बबलू शुक्ला ने कहा है कि मदनमोहनजी कि नगरी करौली जिला मुख्यालय में करौली नगरपरिषद क्षेत्र में एकमात्र पर्यटक स्थल रियासतकालीन निर्मित रणगमा का तालाब है। भारी बारिश के दौरान इस तालाब के ओवर फ्लो से तालाब कि पाल सहित इसके परिक्षेत्र में काफी नुकसान हुआ। तालाब क्षतिग्रस्त होने के बाद से आज तक इसकी सुध नहीं ली गयी है। जबकि इसके सार सम्भाल कि आवश्यकता है वरना आगामी बारिश में इस तालाब को अधिक नुकसान की भी संभावना बनी हुई है जिसके कारण इसके आसपास रहने वाली आबादी में धनहानि के साथ जनहानि होने की भी आशंका बनी हुई है। अधिक वर्षा और जल भराव तीन दरवाजा पर रियासतकालीन मिट्टी की जो पाल बनी हुई थी वह टूट गई। भविष्य में अतिवृष्टि होने पर करौली शहर में जलभराव कि स्थिति न बने और नुकसान न हो इसके लिए कार्य योजना बनाकर तीन दरवाजे क्षेत्र में एनीकट निर्माण के साथ जल निकास मार्गो में स्थित नालों की सफाई की जरूरत है।

इसके अलावा करौली शहर वासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग एवं जन भावनाओं को देखकर करौली शहर की घनी आबादी स्थित पुराने चिकित्सालय भवन में संचालित चिकित्सालय को सेटेलाइट चिकित्सालय के रूप में क्रमोन्नत करने कि घोषणा पर अमल करने की भी मांग की गई है साथ ही सेटेलाइट चिकित्सालय के लिए पर्याप्त स्टाफ संसाधनों की दरकार है। इसके अलावा करौली शहर से होकर लालसोट से धौलपुर 11वी नेशनल हाईवे गुजर रहा है। इस कारण करौली शहर की घनी आबादी के बीचों बीच भारी वाहनों की आवाजाही रहती है।

प्रमुख तीर्थ स्थल कैलादेवी जाने वाले लाखों पदयात्री एवं दर्शनार्थी इसी सड़क से निकलते है अर्थात यात्री वाहनों सहित भारी वाहनों का संचालन बहुत अधिक है। इसलिए करौली शहर से दूर बायपास निर्माण की आवश्यकता है। बायपास बन जाने से कैलादेवी,श्रीमहावीरजी,मेहंदीपुर बालाजी जाने वाले यात्रियों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी और करौली शहर वासियों को वाहनों कि अधिक आवाजाही से होने वाली परेशानी से निजात मिल सकेगी।

जन्मोत्सव मनाया

हिण्डौन सिटी, श्री गोमती धाम में ब्रह्मलीन संत श्री गोमती दास महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 12.30 बजे मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक महाआरती की।

सूचना

मैं कि सुदेश कुमारी पत्नी चुन्नी लाल जाति खत्री निवासी पुरानी तहसील के पास, कामां जिला डीग (राज०) की हूँ। मैं शपथ पूर्वक सही बयान करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरी जन्म तिथि 01.01.1950 है जबकि मेरे पति स्व० चुन्नी लाल के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 26.05.1950 है।

कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनी, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक:-ग्रा.प./ई.नि.सं./2025/233 दिनांक:03.04.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 14.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00007 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक ग्राम पंचायत पुरैनी — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पुरैनी

कार्यालय ग्राम पंचायत सहरौली, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक:-ग्रा.प./ई.नि.सं./2025/01 दिनांक:03.04.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 14.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00010 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक ग्राम पंचायत सहरौली — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सहरौली

कार्यालय ग्राम पंचायत करीमपुर, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक:-ग्रा.प./ई.नि.सं./2025/203 दिनांक:03.04.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 14.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00006 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक ग्राम पंचायत करीमपुर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत करीमपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत तसीमो, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)

क्रमांक:-ग्रा.प./ई.नि.सं./2025/ दिनांक:04.04.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-2026

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में ग्रामीण विकास तथा पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 14.04.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00011 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रशासक ग्राम पंचायत तसीमों — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत तसीमों

कार्यालय ग्राम पंचायत मांची, पंचायत समिति करौली जिला करौली

क्रमांक:-ग्रा.प./निविदा/2025-26/Spl-6 दिनांक: 04.04.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-26

ग्राम पंचायत मांची परिक्षेत्र में घूम रहे बंदरों को पकडकर ग्राम पंचायत परिक्षेत्र से दूर छोडने के कार्य हेतु जी.एस.टी. पंजीकृत फर्मों तथा संवेदकों से ई निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

(भीम सिंह मीना)

UBN-ZKR2526WSRC00011 ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मांची

श्री कैलादेवी चैत्र नवरात्र पर्व - 2025
में पधारे सभी माँ कैलादेवी के भक्तों का श्री कैलादेवी मंदिर (करौली) ट्रस्ट की ओर से हार्दिक स्वागत
सुगमता से दर्शन व्यवस्था
मंदिर ट्रस्ट द्वारा माननीय सोल ट्रस्टी महोदय की प्रेरणा से इस बार माँ भक्तों को श्री कैलादेवी जी के सुगमतापूर्वक दर्शन करवाने हेतु मंदिर प्रांगण में पूर्व से लगी हुई समस्त रेलिंग को हटाकर योजनाबद्ध तरीके से स्टेनलेस स्टील की नई रेलिंग्स लगवाई गई है। जिनमें जगह-जगह आपातकालीन द्वार, विश्राम स्थल एवं जल सेवा पॉइंट बनाये गये है।
दर्शनार्थियों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु पंखे एवं कूलरों की उत्तम व्यवस्था की गई है एवं केवड़े के जल की फोगिंग की उत्तम व्यवस्था है।
नवीन परिक्रमा स्थल का निर्माण एवं फर्श पर हीट प्रुफ पेंट किया गया है।
माताओं के लिए स्तनपान केन्द्र बनाएं गये हैं।
धर्मशालाएं
श्री कैलादेवी मन्दिर ट्रस्ट द्वारा संचालित
माँ कैलादेवी आश्रम
अग्रसेन यात्री निवास
7877494256
9588284953
मन्दिर ट्रस्ट द्वारा यात्रियों को रहने हेतु निःशुल्क / उचित दर पर धर्मशालाएं 24 घण्टे उपलब्ध है। ये समस्त सुविधाओं से पूर्ण है।
प्रसाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था
माननीय सोल ट्रस्टी महोदय के निर्देशानुसार इस बार दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु मंदिर ट्रस्ट की ओर से उचित दर पर उच्च गुणवत्ता का प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु कुल 70 भोग - प्रसाद काउन्टर खोले गए है।
ये काउन्टर बेरोजगार एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों को निःशुल्क उपलब्ध करवाये गए है। जिन पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से उपलब्ध करवाये गये 51, 101, 251 रू. के प्रसाद बैग दर्शनार्थियों को उपलब्ध है।
प्रसाद पैकिंग केंद्र मंदिर ट्रस्ट द्वारा महिला स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे हैं केन्द्र में पूर्ण पूजन सामग्री की पैकिंग कर तैयार किया जाता है।
चिकित्सा व्यवस्था
मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री कैलादवी के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस हेतु मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक बड़ा चिकित्सालय बनवाया हुआ है जिसमें ऐलोपैथिक, हॉम्योपैथिक एवं आर्युवेदिक चिकित्सक अपने दक्ष स्टॉफ के साथ सदैव दर्शनार्थियों के स्वास्थ्य के परीक्षण एवं आवश्यक जाँच एवं एक्सरे आदि कर उन्हें दवाईया उपलब्ध करवाई जाती है।
साथ ही गदका की चौकी पर एवं मंदिर परिसर में स्थित डिस्पेंसरी में भी चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्टॉफ द्वारा दर्शनार्थियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध करवाई जाती है। दर्शनार्थियों को राजकीय अस्पताल कैलादेवी अथवा करौली भेजने हेतु मंदिर ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क 02 एम्बूलेन्स सदैव मंदिर परिसर में उपलब्ध रहती है।
निःशुल्क वाहन व्यवस्था
मंदिर ट्रस्ट द्वारा असहाय, दिव्यांग एवं वृद्धजनों के लिए रोडवेज बस स्टैण्ड से मंदिर भवन तक दर्शनों की व्यवस्था हेतु निःशुल्क वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। इसके लिए अत्याधुनिक गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गयी है।
ये गोल्फ कार्ट कैलादेवी आश्रम से मन्दिर तक वर्ष भर उपलब्ध रहेगा।
शौचालय व्यवस्था
मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु कुल 500 महिला पुरूष शौचालय एवं मूत्रालय बनवाये गये है।जिनमें बस स्टैण्ड पर 160 महिला-पुरूष शौचालय, भटटा तिराहा पर 70 महिला-पुरुष शौचालय, मंदिर परिसर में 50 महिला-पुरूष शौचालय, डोमशेड में 20 महिला - पुरूष शौचालय हैं।
इसके अलावा बडी धर्मशाला के साथ-साथ अन्य सभी धर्मशालाओं में पर्याप्त महिला - पुरूष शौचालय एवं 05 सुलभ कॉम्प्लेक्स व चल शौचालय बनवाये हुये है।
निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
श्री कैलादेवी जी के दर्शनार्थ आने वाले पदयात्रियों को अल्पाहार भोजन एवं पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु मंदिर ट्रस्ट की ओर से ग्राम राजौर एवं ग्राम कल्याणी में दो विशाल भण्डारें स्थापित किये गये थे जिनमें पदयात्रियों को अल्पहार एवं भोजन के अलावा विश्राम एवं प्राथमिक चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाई गई।
मन्दिर परिसर में ''राजभोग प्रसादम्'' कैण्टीन भी उपलब्ध है।
शीतल जल की सेवाएं उपलब्ध
100 स्काउट एवं जल सेवकों द्वारा शीतल जल उपलब्ध कराया जाता है।
माताजी के दर्शनार्थ आने वाले श्रृद्धालुओ को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए मंदिर ट्रस्ट